भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3766
(12 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)

## मनरेगा लाभार्थियों की संख्या में वार्षिक गिरावट

3766. श्री ईश्वरस्वामी के.:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कुल कामगारों में 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का हिस्सा कितना है;

(ख) उन राज्यों के नाम क्या हैं जहां उपर्युक्त अवधि के दौरान मनरेगा लाभार्थियों की संख्या में वार्षिक गिरावट दर्ज हुई है; और

(ग) केन्द्र सरकार द्वारा तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु राज्य को आवंटित धनराशि का हिस्सा कितना है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क) और (ख): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) एक मांग-आधारित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम है। इस योजना में ग्रामीण परिवारों को रोजगार का बेहतर अवसर उपलब्ध न होने पर आजीविका सुरक्षा अर्थात आजीविका का तात्कालिक विकल्प उपलब्ध कराया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों और 100 दिन का रोजगार पूरा करने वाले परिवारों का विवरण निम्मनानुसार है:

(आंकड़े लाख में)

| वित्तीय वर्ष | रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार | 100 दिन का रोजगार पूरा करने वाले परिवार |
|---|---|---|
| 2022-23 | 617.76 | 35.98 |
| 2023-24 | 599.45 | 44.94 |
| 2024-25 | 578.44 | 40.68 |

(नरेगा सॉफ्ट के अनुसार)

पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

मंत्रालय इस योजना के कार्यान्वयन की निरंतर निगरानी करता है और यह सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को आवश्यक सहायता प्रदान करता है कि सभी पात्र ग्रामीण परिवार महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत अपनी मांग के अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकें।

(ग): महात्मा गांधी नरेगा योजना एक माँग-आधारित मजदूरी रोज़गार कार्यक्रम है। महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आवंटन नहीं किया जाता है।

महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य को वित्त वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान जारी निधियों का विवरण निम्नानुसार है:

| वित्तीय वर्ष | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|
| तमिलनाडु राज्य को जारी केंद्रीय निधि (करोड़ रुपये में) | 9743.53 | 12616.53 | 7585.49 |

**अनुबंध**

**लोक सभा में दिनांक 12.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 3766 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

| पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण। | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार (आंकड़े लाख में) | | |
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 45.83 | 46.55 | 46.94 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 2.71 | 2.69 | 3.01 |
| 3 | असम | 22.98 | 22.46 | 19.13 |
| 4 | बिहार | 50.14 | 48.18 | 51.21 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 25.74 | 24.77 | 25.61 |
| 6 | गोवा | 0.04 | 0.02 | 0.03 |
| 7 | गुजरात | 10.29 | 9.94 | 9.08 |
| 8 | हरियाणा | 3.08 | 3.66 | 3.46 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 6.47 | 6.74 | 7.18 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 7.06 | 6.86 | 7.32 |
| 11 | झारखंड | 20.65 | 21.85 | 20.22 |
| 12 | कर्नाटक | 29.58 | 29.95 | 29.13 |
| 13 | केरल | 15.51 | 14.69 | 13.72 |
| 14 | लद्दाख | 0.34 | 0.32 | 0.33 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 45.16 | 40.85 | 38.61 |
| 16 | महाराष्ट्र | 21.20 | 24.46 | 30.07 |
| 17 | मणिपुर | 3.57 | 4.78 | 5.25 |
| 18 | मेघालय | 4.79 | 4.89 | 4.70 |
| 19 | मिजोरम | 2.16 | 2.19 | 2.09 |
| 20 | नागालैंड | 4.21 | 4.07 | 2.11 |
| 21 | ओडिशा | 33.35 | 32.71 | 23.38 |
| 22 | पंजाब | 8.46 | 8.49 | 8.34 |
| 23 | राजस्थान | 63.46 | 63.85 | 58.86 |
| 24 | सिक्किम | 0.60 | 0.61 | 0.60 |
| 25 | तमिलनाडु | 65.67 | 68.76 | 65.32 |
| 26 | तेलंगाना | 27.35 | 25.33 | 26.69 |
| 27 | त्रिपुरा | 5.58 | 5.87 | 5.91 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 70.03 | 68.54 | 65.27 |
| 29 | उत्तराखंड | 5.01 | 4.72 | 4.32 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 16.29 | 0.08 | 0.00 |
| 31 | अंडमान और निकोबार | 0.05 | 0.04 | 0.03 |
| 32 | दादरा नगर हवेली तथा दमन एवं दीव | 0.00 | 0.01 | 0.05 |
| 33 | लक्षद्वीप | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 34 | पुदुचेरी | 0.42 | 0.52 | 0.47 |
| | कुल | **617.76** | **599.45** | **578.44** |

(नरेगा सॉफ्ट के अनुसार)

*****